13.05.2024

**प्रेस नोट**

**सीबीएसई परिणाम-उपरांत वार्षिक मनोवैज्ञानिक परामर्श 14 मई 2024 से शुरू**

सीबीएसई के परिणामों की घोषणा के अवलोकन में, सीबीएसई द्वारा 14 मई, 2024 से अपनी निःशुल्क मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएं शुरू की जा रही हैं, जो एक सप्ताह के लिए 24/7 संचालित होंगी। 26 वर्षों से, सीबीएसई अपनी परामर्श सेवाओं के दो चरणों के माध्यम से छात्रों और अभिभावकों को परीक्षा और परिणामों से जुड़ी सामान्य मनोवैज्ञानिक चुनौतियों/कठिनाइयों से निपटने में सहायता कर रहा है।

**सीबीएसई टेली-काउंसलिंग हेल्पलाइन (दूसरा चरण)**
इस वर्ष, परामर्श का पहला चरण परीक्षाओं के आयोजन से पूर्व से लेकर परीक्षाओं के बाद तक संचालित हुआ था। अब दूसरे चरण के दौरान, सीबीएसई से संबद्ध सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के विशेष शिक्षक, प्रधानाचार्यगण, प्रशिक्षित परामर्शदाता और मनोवैज्ञानिकों सहित 65 पेशेवरों की एक बड़ी टीम एक सप्ताह के लिए चौबीसों घंटे टेली-परामर्श प्रदान करेगी।

**देशभर में केंद्रीकृत टोल फ्री एक्सेस**
भारत में कहीं से भी **टोल फ्री नंबर 1800-11-8004** डायल करके सीबीएसई की टेली-काउंसलिंग हेल्पलाइन से संपर्क स्थापित किया जा सकता है, जहां परिणाम से संबंधित चिंता अथवा तनाव को दूर करने के लिए केंद्रीकृत सहायता, जानकारी और उपयोगी सुझाव प्रदान किए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त, सीबीएसई वेबसाइट पर 'काउंसलिंग' लिंक https://www.cbse.gov.in/cbsenew/prunit_temp/index.html पर हितधारकों के सहायतार्थ सामग्री और स्रोत/संसाधन उपलब्ध हैं।

**सचिव, सीबीएसई**

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092
"Shiksha Kendra", 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi - 110 092
फोन / Telephone : +91-11-22509256, 22509257 वेबसाइट/Website: www.cbse.nic.in